# श्री जय नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ

(Accredited Grade'A' by NAAC)

## प्रेस विज्ञप्ति

**07.07.2025**

*श्री जयनारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ में प्रवेश हेतु आवेदन 13 जुलाई, 2025 तक।*

श्री जयनारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ के प्राचार्य प्रो0 विनोद चन्द्र ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों के दृष्टिगत स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु आवेदन की तिथि पुनः बढ़ाकर **13 जुलाई, 2025** कर दी गयी है। इसके साथ ही **स्नातक पाठ्यक्रमों** में भी आवेदन **13 जुलाई, 2025** तक स्वीकार किये जायेंगे। महाविद्यालय में पूर्व संचालित कोर्सों के अतिरिक्त पांच नये कोर्सों– एम0एस–सी0(जन्तुशास्त्र), एम0एस–सी0(गणित), बी0ए0(सायकोलॉजी), बी0ए0(भूगोल) तथा बी0सी0ए0 में भी प्रवेश हेतु आवेदन लिये जा रहें हैं।

प्रो0 चन्द्रा ने बताया कि महाविद्यालय में एन0सी0सी0/एन0एस0एस0/रोवर्स–रेन्जर्स समृद्ध पुस्तकालय, सांस्कृतिक क्लब, इनडोर–आउटडोर खेल, वाई–फाई कैम्पस, शोध/प्रशिक्षण/प्लेसमेण्ट/जॉब फेयर की सुविधा, स्मार्ट क्लासरूम, कम्प्यूटर लैब, नियमित सेमिनार/कार्यशाला एवं अतिथि व्याख्यान, संस्थापक दिवस पर उत्कृष्ट छात्र–छात्राओं का सम्मान, शैक्षणिक भ्रमण एवं इन्टर्नशिप, लिटरेरी फेस्टिवल, अन्तरमहाविद्यालयीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता, निःशुल्क जे0आर0एफ0/नेट/प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन, मानसिक स्वास्थ्य एवं कैरियर सम्बन्धी मार्गदर्शन, छात्रों की लेखन क्षमता के संवर्द्धन हेतु वार्षिक पत्रिका के प्रकाशन की सुविधा उपलब्ध है।

(प्रो0 विनोद चन्द्र)
प्राचार्य